# <u>REVISION WORK</u>

## <u>संवाद लेखन</u>

**दो दोस्तो के बीच पेड़ लगाओ – पर्यावरण बचाओ विषय पर संवाद लिखिए।**

राहुल: मोहन, तुम यह पौधा कहाँ ले जा रहे हो?

मोहन: मैं इसे पार्क में लगाने जा रहा हूँ। हमें पर्यावरण बचाने के लिए अधिक पेड़ लगाने चाहिए।

राहुल: क्या एक पेड़ लगाने से सच में फायदा होगा?

मोहन: हाँ, पेड़ हमें शुद्ध हवा देते हैं और प्रदूषण कम करते हैं।

राहुल: और गर्मी भी कम होती है, है ना?

मोहन: बिल्कुल! इसलिए हमें पौधा लगाकर उसकी देखभाल भी करनी चाहिए।

राहुल: ठीक है, मैं भी तुम्हारे साथ चलूँगा।

दोनों: आओ, हम सब मिलकर पेड़ लगाएँ और पर्यावरण बचाएँ!

## <u>पत्र लेखन</u>

**<u>विद्यालय में खेल कूद की सामग्री बढ़ाने के लिए प्रधानाचार्य जी को पत्र लिखिए।</u>**

परीक्षा भवन

सेवा में,

प्रधानाचार्य महोदय,

सतीश चंद्र मेमोरियल स्कूल,

चकदह, नदिया।

विषय: विद्यालय में खेल-कूद की सामग्री बढ़ाने हेतु प्रार्थना पत्र।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं कक्षा 6 का छात्र/छात्रा हूँ। हमारे विद्यालय में खेल-कूद की सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है। कई बार छात्रों को खेल सामग्री की कमी के कारण खेल का पूरा लाभ नहीं मिल पाता।

खेल-कूद से छात्रों का शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। इससे अनुशासन, सहयोग और टीम भावना का विकास भी होता है। यदि विद्यालय में फुटबॉल, क्रिकेट किट, बैडमिंटन रैकेट, वॉलीबॉल आदि की संख्या बढ़ा दी जाए, तो सभी विद्यार्थियों को समान अवसर मिल सकेगा।

अतः आपसे विनम्र प्रार्थना है कि कृपया विद्यालय में खेल-कूद की सामग्री बढ़ाने की व्यवस्था करने की कृपा करें। इसके लिए हम सभी छात्र आपके अत्यंत आभारी रहेंगे।

धन्यवाद।

आपका आज्ञाकारी छात्र/छात्रा,

नाम: ____________

कक्षा: 6

अनुक्रमांक: _________

दिनांक: 20/02/26